प्रेस नोट- दिनांक 05 नवम्बर, 2026

अमरोहा पुलिस द्वारा 243 मोबाइल फोन (गुम/खोए अनुमानित कीमत लगभग 51 लाख रूपये) बरामद

भारत सरकार द्वारा गुम/खोये हुये मोबाइल फोन की रिकवरी हेतु CEIR(Central equipment indentity register) पोर्टल संचालित किया गया है जिससे गुम/खोये हुये मोबाइल फोन को वापस ट्रेस कर रिकबर किया जा सके एंव उनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अमरोहा के आदेशानुसार व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद अमरोहा के सम्मानित नागरिकों के गुम/खोये हुये मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपदीय साइबर सैल एवं जनपद के थानों की साइबर हेल्प डैस्क टीम द्वारा सतत प्रयास कर सीईआईआर पोर्टल एवं सर्विलांस के माध्यम से कुल 243 मोबाइल फोन बरामद किये गये। जिनकी अनुमानित कीमत 51 लाख रूपये है । बरामद मोबाइल फोनोंको दिनांक 05/11/2026 को पुलिस कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा उनके स्वामियों को सौंपा गया । अपने खोये हुये मोबाइल फोन पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा अमरोहा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया । आम जनमानस द्वारा अमरोहा पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की जा रही है।

मोबाइल बरामदगी विवरण निम्नवत है।

क्र0स0 थाना/सैल बरामद मोबाइल की संख्या

1. जनपदीय साइबर सैल - 60
2. सैदनगली - 32
3. हसनपुर - 23
4. रजबपुर - 21
5. नौगावां सादात - 20
6. अमरोहा नगर - 20
7. डिडौली - 18

8. मण्डी धनौरा - 13

9. अमरोहा देहात - 12

10. गजरौला - 12

11. बछरांयू - 8

12 रहरा - 2

13 आदमपुर- 2

कुल योग 243

नोटः- अमरोहा पुलिस सम्मानित नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी अनजान लिंक,मैसेज या एप पर क्लिक ना करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी,ओटीपी व बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरन्त साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व साइबर क्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.inपर शिकायत दर्ज करें। 2.मोबाइल फोन गुम होने पर तुरन्त CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर ब्लॉक करायें।